विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की दिनांक 20/04/2026 को 137 वीं बैठक का आयोजन

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय) , नागपुर की 137 वीं बैठक श्री पंकज कुलश्रेष्ठ ,महानियंत्रक की अध्यक्षता में महानियंत्रक महोदय के सभाकक्ष में दिनांक 20/04/2026 को अपराहन 4.00 बजे आयोजित की गई । अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री बी . एल. गुर्जर , खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई । सर्वप्रथम राजभाषा अधिकारी ने समीक्षाधीन तिमाही (जनवरी -मार्च , 2026) के दौरान हिंदी से संबंधित किये गए महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी सभा को दी। कार्य -सूची के अनुसार बैठक में पिछली बैठक (136वीं) के कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई एवं कार्यवृत्त की पुष्टि की गई । इसके पश्चात जनवरी – मार्च, 2026 हेतु मुख्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई। तत्पश्चात अखिल भारतीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन ,ई- ऑफिस में कंठस्थ द्वारा अनुवाद एवं हिंदी टिपण्णी की गणना की सुविधा का न होना ,आई. बी . एम वेबसाईट पर क्षेत्रीय कार्यालय की हिंदी सम्बन्धी गतिविधि को स्थान दिया जाना , अनुवाद प्रशिक्षण और पुस्तकालय की पुस्तक सूची को वेबसाइट पर अपलोड करने आदि विषयों पर चर्चा की गई ।

अंत में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गई ।

खान ब्यूरो, नागपुर
विभागीय राजभाषा
कार्यान्वयन समिति की बैठक